**DIRECTORATE OF TECHNICAL EDUCATION, CHHATTISGARH**
**संचालनालय तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़**
**विभागाध्यक्ष भवन, ब्लाक–3, तृतीय/चतुर्थ तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर, जिला–रायपुर**
**Phone : 0771- 2221376, www.cgdteraipur.cgstate.gov.in, Email-cgdtecounselling@gmail.com**

## :: सत्र 2025–26 में तकनीकी शिक्षा संस्थाओं में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाइन कॉउंसिलिंग की सूचना ::

छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित तकनीकी शिक्षा संस्थाओं में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश ऑनलाइन कॉउंसिलिंग द्वारा होगा। इस हेतु अभ्यर्थी का वेब साइट www.cgdteraipur.cgstate.gov.in एवं https://cgdte.admissions.nic.in पर उपलब्ध कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग, की अधिसूचना कमांक/एफ–9–5/2023/तक.शि./42 अटल नगर, दिनांक 11 मई 2023 में प्रकाशित निम्न प्रवेश नियम के अनुसार अर्हता होना अनिवार्य है।

1. छत्तीसगढ़ की संस्थाओं के बैचलर ऑफ फॉर्मेसी (बी.फॉर्मेसी) एवं डिप्लोमा फॉर्मेसी (डी.फॉर्मेसी) पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश नियम–2023
2. छत्तीसगढ़ की संस्थाओं के मास्टर ऑफ फॉर्मेसी (एम. फार्मेसी) पाठ्यक्रमों हेतु प्रवेश नियम–2023

ऑनलाइन कॉउंसिलिंग की प्रवेश प्रकिया का अवलोकन भी उपरोक्त वेब साइट के माध्यम से किया जा सकता है, तत्संबंधी तिथियॉ निम्नानुसार है।

| | प्रथम चरण हेतु तिथियॉ | | | | | द्वितीय चरण हेतु तिथियॉ | | | | | संस्था स्तर हेतु तिथियॉ | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पाठ्यक्रम | पंजीयन (Registration) | मेरिट जारी | दावा आपत्ति | आबंटन/रिजल्ट (Allotment/ Result) | प्रवेश (Admission) | पंजीयन (Registration) | मेरिट जारी | दावा आपत्ति | आबंटन/रिजल्ट (Allotment/ Result)) | प्रवेश (Admission) | पंजीयन (Registration) | मेरिट जारी | प्रवेश (Admission) |
| 1. बैचलर ऑफ फॉर्मेसी (बी. फॉर्मेसी)<br>2.बैचलर ऑफ फॉर्मेसी (बी. फॉर्मेसी) लेटरल<br>3.डिप्लोमा फॉर्मेसी (डी. फॉर्मेसी<br>4.मास्टर ऑफ फॉर्मेसी (एम. फार्मेसी) | 13.10.2025, 10:00 बजे से 18.10.2025 23:59 बजे तक | 24.10.2025, 17:00 बजे | 25.10.2025, 17:00 बजे तक | 29.10.2025, 16:00 बजे | 30.10.2025, 10:00 बजे से 04.11.2025 17:30 बजे तक | 07.11.2025, 10:00 बजे से 10.11.2025 23:59 बजे तक | 12.11.2025, 17:00 बजे | 13.11.2025, 17:00 बजे तक | 15.11.2025, 16:00 बजे | 16.11.2025, 10:00 बजे से 19.11.2025 17:30 बजे तक | 21.11.2025, 10:00 बजे से 25.11.2025 23:59 बजे तक | 27.11.2025, 17:00 बजे | 1. मेरिट सूची के अनुसार संस्था स्तर पर आबंटन हेतु अवसर लेने के लिए अभ्यर्थी को संबंधित संस्था में 01.12.2025, प्रातः 10:00 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा।<br>2. संस्था दवारा आबंटित सीटों पर प्रवेश लेने की कार्यवाही 01.12.2025, 13:00 बजे से 05.12.2025, 13:00 बजे तक की जाएगी।<br>3. यदि संस्था में सीटें रिक्त रहती हैं तो 05.12.2025 को अपराह्न 13:30 बजे से 06.12.2025 17:30 बजे तक निम्नलिखित सभी अभ्यर्थीयों को मेरिट सूची के अनुसार अवसर प्रदान किया जाएगा - जो दिनांक 01.12.2025 को<br>(क) उपस्थित नहीं हो पाए (अनुपस्थित)।<br>(ख) उपस्थित हुए लेकिन उन्हें |

| | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | | | **आबंटन नहीं मिला।**<br>**(ग) सीट आवंटित/प्रवेशित है परंतु वे अपने उच्च वरीयता (Higher Preference) विकल्प का चयन करना चाहते हैं।** |

**--2--**

सामान्य निर्देश :—

1- प्रथम चरण की कॉउंसिलिंग के उपरांत पर्याप्त सीटें रिक्त रहने की स्थिति में ही द्वितीय एवं तृतीय चरणों की कॉउंसिलिंग करायी जायेगी।

2- काउंसिलिंग में किया गया सीट का आबंटन प्राविधिक होगा। काउंसिलिंग में संस्था एवं पाठ्यक्रम के आबंटन के पश्चात अभ्यर्थी को प्रवेश हेतु संबंधित संस्था में जाकर अपने मूल दस्तावेजों का परीक्षण एवं सत्यापन कराना होगा। मूल दस्तावेजों के सत्यापन के पश्चात ही प्रवेश दिया जावेगा। सत्यापन उपरांत स्थानांतरण प्रमाण पत्र/चरित्र प्रमाण पत्र एवं माइग्रेसन प्रमाण पत्र को छोड़ कर संस्था, अभ्यर्थी का मूल दस्तावेजों वापस करेंगे |

3- एक पाठ्यक्रम हेतु एक अभ्यर्थी से संबंधित मात्र एक ही ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किया जाएगा। यदि किसी भी कारणवश कोई अभ्यर्थी अपना आवेदन नहीं भर पा रहा है। तो वह अभ्यर्थी सुविधा केन्द्रों में अपने समस्त मूल दस्तावेज एवं फोटो युक्त पहचान पत्र ले जाकर अपनी समस्या का निदान कर सकता है।

4- कॉउंसिलिंग के प्रत्येक चरण हेतु अभ्यर्थी को पृथक से आवेदन करना होगा,

5- द्वितीय चरण के काउंसलिंग में भाग लेने (रजिस्ट्रेशन करने) पर, यदि अभ्यर्थी द्वारा किसी संस्था में प्रथम चरण में प्रवेश लिया हुआ है, तो उनका प्रथम चरण का प्रवेश स्वतः निरस्त हो जायेगा

6- संस्था स्तर की काउंसिलिंग में, अभ्यर्थी को किसी एक संस्था हेतु ही अपने विकल्प भरने की छुट होगी | अभ्यर्थी जिस संस्था का विकल्प भर रहा है , उस संस्था में उपलब्ध अधिक से अधिक विकल्प भर सकता है | अभ्यर्थी जिन विषय के लिए विकल्प भरेंगे, उन्ही विकल्प हेतु आवंटन किये जाने के लिए विचार किया जा सकेगा |

7- संस्था स्तर की काउंसिलिंग हेतु आवेदन करने पर यदि अभ्यर्थी द्वारा किसी संस्था में प्रवेश लिया हुआ है, तो वह तब तक निरस्त नहीं होगा, जब तक की अभ्यर्थी संस्था स्तर की काउंसिलिंग में **प्रवेश** नहीं लेगा |

8- रविवार एवं शासकीय अवकाश के दिन भी अभ्यर्थी सुविधा केन्द्र एवं प्रवेश हेतु संस्थाएं खुली रहेंगी।

9- ऑनलाइन कॉउंसिलिंग से संबंधित जानकारी हेतु नियंत्रण कक्ष, तकनीकी शिक्षा संचालनालय, कक्ष कमांक–03, ब्लॉक–3, चतुर्थ तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर में उपस्थित होकर अथवा दूरभाष कमांक 0771–2221376 पर कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते है या cgdtecounselling@gmail.com पर ई–मेल कर सकते हैं।

अतिरिक्त संचालक
तकनीकी शिक्षा, छत्तीसगढ़